श्री पाटिल, संसद सदस्य द्वारा प्रायोजित अनुरोध पूरा कर लिया गया था जबकि श्री घोष, संसद सदस्य द्वारा प्रायोजित अनुरोध आंशिक रूप से पूरा किया जा सका था । श्री गुंदीवाला, विधायक द्वारा प्रायोजित अनुरोध पूरा नहीं किया जा सका था क्योंकि यह व्यापारियों के लिए एक सामान्य अनुरोध था । मुख्य मंत्री के वैयक्तिक सहायक से प्राप्त अनुरोध दूसरे दर्जे की चार शायिकाओं के लिए था और अन्य मांगों को देखते हुए दो शायिकाएं देने की पेशकश की गयी थी । लेकिन, पार्टी एक साथ चारों शायिकाएं चाहती थी ताकि वे एक साथ यात्रा कर सकें । अतएव उन्हें 15-2-1987 को यात्रा करने के लिए आपात कोटे से चार शायिकाएं दे दी गयी थी और उन्होंने यात्रा की थी ।

(ङ) इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

**बारीपादा, उड़ीसा में सेन्ट्रल स्कूल के मुख्यालय की स्थापना**

837. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वर्ष के दौरान उड़ीसा के मयूरभंज जिले के बाहीपादा क्षेत्र में सेंट्रल स्कूलों का मुख्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" हो, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर कितना धन खर्च होने की संभावना है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

**दिल्ली नगर निगम के मलेरिया उन्मूलन विभाग में पदोन्नति**

838. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक : कुमारी सुशीला तिरिया :**

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम के मलेरिया उन्मूलन विभाग में निगरानी रखने वाले अनेक कर्मकार पिछले 20-25 वर्षों से एक ही पद पर लगातार कार्य करते आ रहे हैं और उन्हें अभी तक पदोन्नत नहीं किया गया है जबकि मलेरिया निरीक्षक के पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) इस समय दिल्ली नगर निगम में कार्यरत निगरानी रखने वाले कर्मकारों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" हो, तो उसके क्या कारण हैं और उस विभाग में ऐसे कितने व्यक्तियों को अभी तक पदोन्नति नहीं किया गया है; और

(घ) क्या सरकार इन व्यक्तियों को पदोन्नत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) :** (क) से (घ) दिल्ली नगर निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार वहां 128 निगरानी कार्यकर्ता ऐसे हैं जो नगर निगम के मलेरियारोधी विभाग में पिछले 20-25 वर्षों से एक ही पद पर लगातार कार्य करते आ रहे हैं, जिन्हें अभी तक पदोन्नत नहीं किया गया है । इन निगरानी कार्यकर्ताओं को मलेरिया निरीक्षकों के खाली पद उपलब्ध न होने के कारण मलेरिया निरीक्षकों के पद पर पदोन्नत नहीं किया जा सका । तथापि जब कभी रिक्तियां होंगी, दिल्ली नगर निगम द्वारा इन रिक्तियों को भरने की कार्रवाई की जाएगी ।